वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 05 | मंगलवार 30 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित

## मानवीय मूल्यों का समावेश करते हुए तकनीकी शिक्षा का विकास हो: राज्यपाल

**राज्यपाल ने कहा कि बीकानेर में प्रौद्योगिकी विकास का भी अहम इतिहास रहा है, यहां के दूरदर्शी महाराजा गंगा सिंह ने वर्ष 1926 में रेल संसाधन बढ़ाने और उन्नत सिंचाई के लिए गंगनहर लाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए।**

जयपुर. शाबाश इंडिया

राज्यपाल कलराज मिश्र ने तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों को जोड़ते हुए पारंपरिक भारतीय ज्ञान के आलोक में शोध की मौलिक संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों तकनीकी शिक्षा के जरिए देश के संसाधनों से स्थानीय उत्पादों के निर्माण की संस्कृति निर्माण किए जाने का भी आह्वान किया है। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। राज्यपाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी मानव कल्याण के उद्देश्य के साथ युगानुकूल हो। राज्यपाल ने चिंता जताते हुए कहा कि आज भी हमारे यहां वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा अंग्रेजी में ही दी जाती है। नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की पहल की गई है। इसका उद्देश्य अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषाओं में वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सुलभ करवाना है। राज्यपाल ने कहा कि बीकानेर में प्रौद्योगिकी विकास का भी अहम इतिहास रहा है, यहां के दूरदर्शी महाराजा गंगा सिंह ने वर्ष 1926 में रेल संसाधन बढ़ाने और उन्नत सिंचाई के लिए गंगनहर लाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर नए शोध संदर्भों में नए आयाम स्थापित करेगा। मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऐसे पाठ्यक्रम विकसित करें, जिसमें हमारे प्राचीन ज्ञान के संदर्भों के साथ आधुनिक वैश्विक ज्ञान का समन्वय हो। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में से 11 बालिकाएं हैं। यह संख्या इस बात की द्योतक है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं अपने भविष्य के साथ राष्ट्र के भविष्य को भी सुदृढ़ बना सकती हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने स्वागत उद्बोधन दिया। आरंभ में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 बीआर्क, बी डिजाइन, बीटेक, एमटेक, पाठ्यक्रम सहित कुल 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।



### नारायण सेवा संस्थान के कोयंबटूर शिविर में 1 हजार से ज्यादा दिव्यांग आए 600 का लिया मेजरमेंट

जयपुर. कासं

नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में तमिलनाडु के कोयंबटूर में पहली बार दिव्यांगों के सेवार्थ निःशुल्क आर्टिफिशियल लिंब मेजरमेंट शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष श्रीगोपाल माहेश्वरी, सचिव संतोष मुंदडा, नारायण सेवा संस्थान के संरक्षक कमल किशोर अग्रवाल, राजस्थानी संघ के अध्यक्ष गौतम श्री श्रीमाल, जायसवाल समाज संस्थापक अटल गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।




इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और कोयंबटूर के सम्मानित सदस्यों को अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में माहेश्वरी ने कहा दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने में हर तरह से मदद की घोषणा की। उन्होंने नारायण सेवा के संस्थापक कैलाश मानव व अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल का तमिलनाडु में शिविर आयोजन के लिए साधुवाद जताया। संस्थान महागंगोत्री ग्रुप हेड रजत गौड़ ने मुख्य अतिथि और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ की परंपरा से स्वागत सत्कार किया। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में 1000 से अधिक दिव्यांग आए। जिनमें 575 दिव्यांगों का नारायण आर्टिफिशियल लिंब और 80 का केलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया।

# शांति विधान मण्डल एवं शपथ ग्रहण सपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का इस वर्ष का पहला कार्यक्रम धार्मिक कार्यक्रम के रूप मे जग्गा की बावड़ी स्थित जैन मंदिर मे सपन्न हुआ जिसमे शांति विधान पूजन एवं नई कार्य कारिणी को शपथ ग्रहण हुई। परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी पुष्पेन्द्र शास्त्री दिल्ली ने पूजन एवं मण्डल पर जैन परंपरानुसार शपथ ग्रहण करवाया। पूजन से पूर्व पुष्पेंद्र भैया ने अपने प्रवचन में कहा नारी समाज की नाडी है नारी का स्थान भारतीय संस्कृति में अति उच्च है नई वह धुरी है ।जिसके इर्द-गिर्द परिवार की गाड़ी घूमती रहती है यदि धुरी मजबूत ना हो तो गाड़ी कभी भी कहीं भी भटक सकती है अटक सकती है एक नारी एक मां यदि संस्कारित हो तो पूरे परिवार को संस्कारित त कर देती है बच्चों को हमेशा सुसंस्कार दें क्योंकि संस्कारों की बुनियाद पर ही उनके जीवन इमारत खड़ी होती है यदि संस्कार नहीं दिए गए तो जमीन की इमारत कभी भी ढर जाएगी बाल ब्रह्मचारी पुष्पेन्द्र शास्त्री ने कहा पाप और अपराध में बहुत फर्क है पाप मन के भीतर की बात है और अपराध मन के बाहर की बात है ओर मन में यदि किसी की हत्या का विचार उठा यह पाप है और मन के विचार को शरीर से क्रियान्वित कर दिया गया किसी की हत्या कर दी गई यह अपराध है अदालत पापी को नहीं पड़ती और अपराधी को पड़ती है पाप जब अपराध बन जाता है तब कानून तुम्हें पकड़ता है लेकिन महावीर की अदालत में धर्म की अदालत में पाप भी अपराध है और अपराध भी पाप है।धर्म क्वांटिटी नहीं क्वालिटी मांगता है धर्म की क्वांटिटी से संख्या में कोई संबंध नहीं धर्म की क्वांटिटी से गुणों से संबंध है धर्म गुणात्मक है परीणात्मक नहीं है लौकिक अदालत और धर्म की अदालत में यही तो फर्क है की लौकिक अदालत क्वांटिटी पर जीती है और धर्म की अदालत क्वालिटी पर जीती है धर्म कहता है जो 2 रुपए चुराए वह भी चोर है और जो 2 लाख रुपए चुराए वह भी चोर है। छोटी बड़ी चोरी हो सकती है लेकिन चोरी तो चोरी है धर्म की अदालत में दोनों समान दंड की पात्र है । लेकिन तुम्हारी अदालत में दोनों की सजा अलग-अलग होगी । अदालत शब्द का अर्थ पुष्पेन्द्र शास्त्री जी ने बताया अ-आओ,दा-देओ ल-लडो, ओर त-तवाह हों जाओ अर्थ हुआ आओ देओ लड़ो और तबाह हो जाओ अदालत से बिना तबाह हुए आज तक कोन लौटा है अंतःकरण सबसे बड़ी अदालत है अंतःकरण की अदालत को साक्षी मानकर जीना है। नव गठित कार्यकारिणी सुनील मुनिया जैन सौगानी अध्यक्ष अजय ऋतू बड़जात्या उपाध्यक्ष विशुतोष नीति चांदवाड सचिव, महेंद्र रेखा जैन सह सचिव, सुकेश सपना काला कोषाध्यक्ष, अनिल नीरा गदिया संदीप शिखा शाह, विजय रीद्दी जैन संजय निशा गोधा, संदीप आरती जैन, प्रमोद सुनीता पाटनी, अरुण मणि बिलाला मनीष हिमानी बिलाला, प्रदीप अनीता अजमेरा, अजय स्नेहलता जैन सभी ने जिनेन्द्र देव को साक्षी पूर्वक शपथग्रहण की। सौधर्म इंद्र श्री मनोज अलका जैन, शांति धारा सुनील मुनिया सौगानी,विशुतोष नीति चांदवाड मंगल कलश स्थापना विजय ऋद्धि ईशान कलश स्थापना मनीष किरण झांझरी, अजय ऋतू बड़जात्या, सुकेश सपना काला पदम प्रीति सौगानी दीपक स्थापना विजय रीद्दी जैन आरती विनोद ललिता ने किया । कार्यक्रम संयोजक सुकेश काला , संजय गोधा, विजय रिद्धि जैन सह संयोजक सुधीर नीलू, संजय संगीता सोगानी थे भोजन व्यवस्था महेंद्र रेखा जैन ने सम्भाली इस मोके पर संस्थापक अध्यक्ष मनीष किरण झांझरी, पूर्व अध्यक्ष संजय संगीता जैन, अभय अंजना गंगवाल मौजूद रहे। ग्रुप से जुड़े नये सदस्यों का तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत किया। निर्देशन बाल ब्रह्मचारी पुष्पेन्द्र शास्त्री दिल्ली ने सभी को शपथग्रहण समारोह कराया शांति विधान महामंडल को संगीतकार नवीन महुवा वाले की स्वर लहरियों के साथ सम्पन्न हुआ।

# साइकल पाकर खिले बालिकाओं के चेहरे



**बालेसर. शाबाश इंडिया।** कस्बे के दुर्गावता बालिका विद्यालय में सरकार द्वारा निशुल्क साइकल वितरण किया गया। विद्यालय अध्यापिका लक्ष्मी हल्दवानिया ने बताया की विद्यालय में 28 बालिकाओं को साइकल वितरीत की गई। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ पुरुषोत्तम दहिया, रूपकला शर्मा, आरती चौहान, मंजुकुमारी, प्रेम देवी और गौतम चंद सोनी, संतोष जैन, पर्वत सिंह रिडमल राम आदि उपस्थित रहे।


संस्मरण दिवस



हमारे पूज्यनीय एवं आदरणीय
स्वर्गीय श्री ताराचंद जी लुहाड़िया
की पुण्य स्मृति पर शत- शत नमन एवं वंदन

|| विनम्र श्रद्धांजलि ||

नमनकर्ता-
गुणमाला देवी छाबड़ा,
विनोद रवीना छाबड़ा
एवं समस्त छाबड़ा परिवार

# किशनगढ़ निवासी मोना झांझरी अध्यक्ष व शिवानी बाकलीवाल मंत्री मनोनीत

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

जयपुर। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया की अध्यक्षता एवं राजस्थान अंचल की अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल के निर्देशन में रामपुरा रोड, केसर सर्किल चौराहा स्थित एस .बी. हाइट सोसाइटी में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के नए संभाग का गठन किया गया। जिसको वामा महिला मंडल का नाम दिया गया। जिसमें अध्यक्ष मोना झांझरी, मंत्री शिवानी बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रंजना जैन, महिला प्रकोष्ठ मंत्री मनीषा जैन, युवा प्रकोष्ठ मंत्री प्रियंका पाटनी उपाध्यक्ष उषा बड़जात्या, सह मंत्री शालू बाकलीवाल, सांस्कृतिक मंत्री यामिनी गोधा सह सांस्कृतिक मंत्री भावना पाटनी को सर्व सहमति से निर्वाचित किया गया। मोना झांझरी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित 150 से अधिक महिलाओं ने श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर छात्रावास का फॉर्म भर सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया एवं राजस्थान अंचल अध्यक्ष शालिनी जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति में लगभग 30000 महिलाएं जुड़ी हुई है और पूरे भारतवर्ष में इसकी संस्थाएं हैं। सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई उसके पश्चात णमोकार महामंत्र का जाप किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष मोना झाझरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी से मिलजुल कर काम करने की अपील की। कार्यक्रम के अन्त में जिनवाणी स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## भगवान के द्वारे कभी खाली हाथ न जाये: उपाध्याय श्री विहसन्त सागर जी महाराज



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 28 अप्रैल को आगरा के कमला नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर डी ब्लॉक में उपाध्याय श्री विहसन्तसागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान के द्वार जब भी जायें तो कुछ लेकर जायें, खाली हाथ न जायें, हो सके तो श्रीफल लेकर जायें! श्रीफल यानी नारियल को श्रेष्ठ फल इस लिये माना गया है क्यों कि उसमें दल, बल, और जल तीनों का समावेश होता है। जो कि बहुत शुभ माना गया है, जैसा प्रभु के आगे अर्पण करेंगे,वैसा ही फल मिलेगा। धर्मसभा मे यहां पधार उन्होने आगे कहा कि मन्दिर मे प्रवेश करते ही तीन चीजें अलग महसूस होनी चाहिए एक-धूप की सुगन्ध, दूसरी घंटे की आवाज और तीसरी आरती की गूंज। उन्होने कहा कि आज बडा ही अफसोस है कि मन्दिरो से धूपायन गायब होते जा रहे हैं, अगर अपने मन्दिर में अतिशय बरकार रखना चाहते हैं तो सुगन्धित धूप अवश्य खेऐं। इस दौरान समग्र ग्रेटर कमला नगर जैन समाज ने उपाध्यायश्री विहसन्त सागर जी महाराज ससंघ के समक्ष चातुर्मास 2024 हेतु श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। धर्मसभा का मंगलाचरण श्रीमती रोमिल जैन दीप प्रज्वलन पारसबाबू जी,राजेश जैन उअ, मुकेश जैन चांदी, राजेश जैन शास्त्री ने पाद प्रक्षालन जगदीश प्रसादजी,अंकुर बैनाडा,पीके जैन, राहुल जैन ने किया। धर्मसभा का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसन्त सागर जी महाराज ससंघ का श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर डी ब्लॉक से 29 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर शालीमार एनक्लेव के लिए मंगल विहार होगा। जहां चार दिन का मंगल प्रवास रहेगा इसके बाद उपाध्याय संघ कर्मयोगी जैन मंदिर के लिए मंगल विहार करेंगे। **रिपोर्ट : शुभम जैन**

## ठा. गिरिराज सिंह लोटवाडा (पूर्व अध्यक्ष श्री राजपूत सभा) को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ठा. गिरिराज सिंह लोटवाडा (पूर्व अध्यक्ष श्री राजपूत सभा) की पुण्य तिथि पर भगवान दास रोड स्थित राजपूत सभा भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ जिसमें समाज के गणमान्य लोगों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और वक्ताओं ने उनके विराट व्यक्तित्व और सामाजिक सेवाओं को याद किया और कहा कि उनके असामयिक निधन से समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है जिसकी पूर्ति नहीं होगी। राजपूत सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने गिरिराज सिंह साहब के राजपूत सभा में लम्बे सामाजिक सेवाकाल का उल्लेख करते हुये बताया कि वे सन् 1994 से श्री राजपूत सभा के पांच सत्र कार्यकाल तक महामंत्री और 2010 से चार सत्र कार्यकाल में अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुये और अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया। स्मरण रहे कोरोना कालखण्ड में समाज के कोरोना पीडित लोगों के इलाज में मदद दिलाने के लिए दिन रात अस्पतालों में आने जाने से वे स्वयं कोरोना संक्रमित हो गये और दिनांक 29.04.2021 को उनका दुःखद निधन हो गया। वे समन्वयवादी सोच के व्यक्ति थे उन्होनें समाज के सभी संगठनों को एक जाजम पर लाने का कार्य किया जिसे हम आज श्री राजपूत सभा के बैनर के तले पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। उन्होनें कहा कि लोटवाडा साहब की सेवाभावी सोच का अनुकरण कर समाज की भलाई के लिए अपना योगदान देना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत व मोती सिंह सांवली ने लोटवाडा साहब की सेवाओं का स्मरण दिलाते हुये उनके बहुयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उनके सपनों का समाज बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने और सहयोग देनें का अनुरोध किया।

# वेद ज्ञान

## मानव धर्म को जानें...

मानवता को देवत्व में रूपांतरित करने के लिए क्या चाहिए? जाहिर है जो मानव धर्म है, जो मानवता का गुणधर्म है उसी को जगाना और बढ़ाना होगा। पहले सच्चे इंसान बनें, फिर देवता बनने में देर नहीं होगी। यही है मनुष्य का धर्म। धर्म साधना से ही इंसान देवता बनता है। धर्म साधना क्या है? कहा गया है कि जहां मन है वहां जीवात्मा भी है, किंतु मन का विकास जहां कम है वहां जीवात्मा भी अविकसित है। इस स्थिति में वे परमात्मा से सीधे परिचालित होते हैं। समुद्र है वह भी काम करता है, किंतु अपनी बुद्धि से नहीं, क्योंकि उसका मन अविकसित है। मन अविकसित होने के कारण जीवात्मा का भी विकास अधिक नहीं हो सकता है। मनुष्य में जो जीवात्मा है वह क्या है? मनुष्य के मन पर जो परमात्मा का प्रतिफलन है वही मनुष्य की जीवात्मा है। मनुष्य का मन विकसित होने के कारण अर्थात साधना द्वारा किसी ने अगर मन को बड़ा या शुभसंकल्पवान बना लिया है तो उस पर जो परमात्मा का प्रतिफलन होगा वह भी बहुत जबर्दस्त होगा। अधिक जबर्दस्त होगा इसका आशय है जीवात्मा विकसित हो गई है। मन को शुभसंकल्पवान बनाने की साधना सब लोग कर सकते हैं। यह कोई बड़ा काम नहीं हैं। चेष्टा से हर कोई कर सकता है। इसके साथ ही साधना सब लोग कर सकते हैं। साधना करने के अधिकार में भेद नहीं है। जो लोग भेद की बात करते हैं वे साधना के मूलतत्व को नहीं जानते हैं। वे मूढ़ या अतार्किक हैं। मन के अंदर जो परमात्मा का प्रतिफलन है वह क्या है? प्रतिफलन से मूलवस्तु को कहां तक समझना संभव है? अगर पानी स्वच्छ और पारदर्शी नहीं है तो उसमें ठीक से देख नहीं सकेंगे अर्थात पानी में गंदगी हो तो नहीं देख सकेंगे। अगर पानी में गंदगी नहीं है, किंतु चंचलता है तो भी क्या देख सकते हैं? नहीं। मानसपटल मनरूपी आईना है। उसमें परमात्मा का प्रतिफलन, जिसे हम जीवात्मा कहेंगे, आप कब देख सकेंगे? जब मन में चंचलता नहीं रहेगी और गंदगी भी नहीं रहेगी तभी आप परमात्मा का प्रतिफलन देख सकेंगे। परमात्मा की अनुभूति करने के लिए क्या करना होगा? क्या जीवात्मा को देख लेने से ही परमात्मा को देख लेंगे?

# संपादकीय

## फ्रीबीज के चक्कर में नियमों का उल्लंघन!

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबीज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है क्योंकि राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली-पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं, और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए



सरकारी खजाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है, और फ्रीबीज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों को धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं, और विकास दर में गिरावट दर्ज की जाती है। फ्रीबीज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता। एफआरबीएम अधिनियम के तहत सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हों। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबीज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं। इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबीज रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन बहस की जानी चाहिए और फ्रीबीज रोकने के लिए ठोस नीति बना कर जल्द से जल्द उसे अमल में लाना चाहिए। जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? भारत जैसे गरीब देश में यह भी सरकार की जिम्मेदारी है कि सबसे कमजोर वर्ग को हर तरह का सुरक्षा कवच प्रदान करे और यह भी सुनिश्चित करे कि गरीब या सुविधाओं से वंचित जनता बिना फ्रीबीज के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में लोक सभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए या संप्रग) सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था ताकि जनता तय कर सके कि किस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## मालदीव पर संकट

मालदीव जलवायु परिवर्तन के परिणामों के चलते पृथ्वी पर सबसे संवेदनशील देशों में से एक है। मालदीव की सरकार जलवायु संबंधी मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक मजबूत आवाज रही है, पर वह घरेलू स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की नीतियों की लगातार अवहेलना कर रही है। यह दुख और चिंता की बात है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, मालदीव जैसे निचले द्वीप राष्ट्रों को खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे देशों के लिए समाधान है, समुद्र तल से तलछट को स्थानांतरित कर नई भूमि बनाना। इस काम को समुद्र किनारे मिट्टी भरकर अंजाम दिया जाता है और मालदीव यदा-कदा यही कर रहा है। मालदीव अपने अस्तित्व को बचाने के लिए यह प्रयास कर रहा है, पर पर्यावरण की दृष्टि से स्वयं उसके लिए यह प्रयास घातक सिद्ध हो सकता है। मालदीव को सोच-विचार के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। उसका अस्तित्व महत्वपूर्ण है और बड़े पैमाने पर उसके स्थायित्व के लिए दुनिया को चिंतित होना चाहिए। यह एक बड़ी सोच का विषय होना चाहिए कि जब किसी देश का भूगोल मिट जाएगा, तब उसके सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक अस्तित्व को कैसे बचाया जा सकेगा? गौर करने की बात है कि मालदीव अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से होने वाली आय पर निर्भर है और जैसे-जैसे उसके द्वीपों पर अस्तित्व का संकट बढ़ेगा, वैसे-वैसे पर्यटन से उसकी कमाई भी घटती चली जाएगी। इसलिए मालदीव की चेष्टा स्वाभाविक है कि वह अपने द्वीपों का विस्तार करे, पर वहां विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाते समय स्थानीय समुदायों की चिंताओं की उपेक्षा की गई है। यह उन निवासियों के लिए बहुत हानिकारक है, जो पहले से ही मौसम के बदलते मिजाज, समुद्र के बढ़ते स्तर और बाढ़ के प्रभाव से जोखिम में हैं। मालदीव के सरकारी अधिकारी सफाई पेश करते हैं कि बढ़ती आबादी और सीमित भूमि वाले देश के लिए भूमि पुनर्ग्रहण आवश्यक है। योजनाबद्ध उद्देश्य झ पर्यटक रिसॉर्ट्स और गेस्टहाउसों के लिए बंदरगाह, हवाई अड्डे और कृत्रिम द्वीप देश के आर्थिक विकास के लिए अहम हैं। हालांकि, मालदीव के अनेक लोगों में नाराजगी भी है। खेती, मछली पकड़ने और जमीन की नमी पर असर साफ दिख रहा है। आजीविका भी प्रभावित हो रही है। खराब ढंग से हो रहे इस विकास ने द्वीपों से प्राकृतिक संसाधन छीनने शुरू कर दिए हैं। ताजे पानी, सार्वजनिक भूमि और फलों के पेड़ों जैसे प्राकृतिक संसाधनों तक पहुंच से लोग वंचित होने लगे हैं। सरकार ने पर्यावरण नियामकों की अनदेखी की है और एक नया हवाई अड्डा बनाने के लिए द्वीप के 70 प्रतिशत मैंग्रोव या जल संपदा को दफना दिया है। इतना ही नहीं, जिन लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है, उन्हें पांच साल बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया है, इससे लोगों में भी नाराजगी है। यह मालदीव का आंतरिक मामला है और किसी दूसरे देश को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, पर आखिर ऐसे देशों के पास बचने के क्या विकल्प हैं? दुनिया में जब समुद्री जल स्तर बढ़ेगा, तब बारी-बारी अनेक देश डूबेंगे, ऐसे में, क्या हमारे पास कोई योजना है? क्या संयुक्त राष्ट्र ने इस बारे में कुछ सोच रखा है? जिन देशों का अस्तित्व खतरे में है, उन्हें तो खासतौर पर सजग रहना चाहिए।

# बापू नगर मोती पार्क में परिंडा महोत्सव के अंतर्गत परिंडे लगाए





जयपुर. शाबाश इंडिया। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर व मनीषा जैन भँवर द्वारा बापू नगर मोती पार्क में 29 अप्रैल 2024 को परिंडा महोत्सव के अंतर्गत परिंडे लगाओ अभियान किया गया। जिसमें सेवादल मोती पार्क के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपना भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमेन नगर निगम संजीव शर्मा, अभय शुक्ला, प्रमोद शर्मा (निक्कू) चक्रपाणि शर्मा, अवंतिका शर्मा ,सुभाष बैराठी ,सतीश गुप्ता, स्नेहलता ,राहुल गोधा, रजनी माथुर आरती तोतुका, सहित अन्य सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने परिंडे में नियमित रूप से पानी भरने और साफ सफाई का संकल्प लिया।

## भगवान महावीर स्वामी की ब्रांच मेटल की 1000 किलो से अधिक बजनी प्रतिमा लगेगी श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पर



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। रेलवे स्टेशन प्रागंण में गोल सर्किल के अंदर भगवान महावीर स्वामी की ब्रांच मेटल की 1000 किलो से अधिक बजनी प्रतिमा को बनाने मैं जयपुर के प्रसिद्ध शिल्पी जुटे हुए हैं ।आज जयपुर में भगवान की प्रतिमा का मुआयना करने के लिए रेलवे के साथ-साथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कमेटी श्री महावीर जी का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के मानद मंत्री सुभाष चंद्र जैन संयुक्त सचिव पीके जैन जैन समाज के प्रसिद्ध वास्तुविद राजकुमार कोठारी रेलवे के सहायक मंडल इंजीनियर अनिल कुमार जैन वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या दिगंबर जैन समाज गंगापुर सिटी के अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर जितेश मीणा एवं राज कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि जयपुर में प्रसिद्ध इंद्र मूर्ति कला केंद्र के निर्देशक जगमोहन शर्मा एवं प्रसिद्ध वास्तुविद राजकुमार जैन कोठारी के निर्देशन में इस मूर्ति का निर्माण मूर्ती शिल्पकार सन्नी शर्मा द्वारा किया जा रहा है। 41 इंच ऊंचाई वाली इस प्रतिमा को सबसे पहले मिट्टी से डमी के रूप में बनाया जाएगा फिर इसकी डाई बनाकर ब्रांज मेटल से प्रतिमा की कास्टिंग की जाएगी। कास्टिंग के बाद भी इसमें फिनिशिंग एवं पॉलिशिंग कार्य में एक माह का समय लग सकता है। उल्लेखनीय है कि इस प्रतिमा में श्री महावीर जी जैन मंदिर में स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान महावीर की प्रतिमा की छवि दिखाई देगी। आज इस प्रतिमा की मिट्टी से बनी डमी का अवलोकन प्रतिनिधिमंडल द्वारा किया गया।

## ज्योति जैन ने मध्य प्रदेश सिविल जज में तृतीय स्थान प्राप्त किया



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

दमोह। जिले के बटियागढ़ खड़ैरी निवासी मध्य परिवार की होनहार बिटिया कु. ज्योति जैन ने अपना परिवार के साथ-साथ गांव, जिले, संभाग और पूरे प्रदेश का एवं जैन समाज का नाम ऊंचा कर सिविल जज परीक्षा में मध्यप्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर दिखाया । इंदौर दिगम्बर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल सुशील पांड्या हंसमुख गांधी टीके वेद राजेश जैन दद्दू एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन सारिका जैन पुष्पा कासलीवाल आदि समाज जनों ने बंधाई देते हुए ज्योति के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की धर्म और जिनदेव में अटूट श्रद्धान रखने वाली ज्योति ने परिणाम आने वाले दिन भी जिन मंदिर में शांतिधारा भी करवाई थी। उनकी इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई ।

# जेएसजी स्वास्तिक की साधारण सभा की बैठक सम्पन्न




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जेएसजी स्वस्तिक ग्रुप की साधारण सभा 2024-25 की बैठक होटल उदय मेडियन में रखी गई। इस सभा में सभी सदस्यों का आपस में परिचय किया गया एवं नए जुड़ने वाले सदस्यों को माला, उपरणे से सम्मानित किया। नए सदस्यों को स्वस्तिक ग्रुप की पिन एवं की-रिंग दी गई। मीडिया प्रभारी संजय धाकड़ ने बताया कि वर्ष-पर्यंत किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर चर्चा की गई एवं सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों से कार्यक्रमों को फाइनल किया गया। इसमें जेएसजी के बंधुत्व से प्रेम, बंधुत्व से सेवा, बंधुत्व से व्यापार के उद्देश्य को ध्यान रखा गया। वर्ष में 75 से अधिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। मुख्य कार्यक्रम में ''एक कदम जिनालय की ओर'', ''कल आज और कल'', धार्मिक स्थलों का भ्रमण, खेलकूद एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम रखे जायेंगे। ग्रुप के सचिव गौरव सुराणा ने बताया कि जिन सदस्यों की माह अप्रैल में जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ थी उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया एवं माला और उपरणे से सभी का स्वागत किया व केक काटा गया। उपाध्यक्ष विमल कटारिया, नीरज मेहता द्वारा संस्थापक अध्यक्ष धीरज छाजेड़ एवं चंचल छाजेड़ का, लोकसभा चुनाव में मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए वोट देकर निश्चित समय सीमा में जिस कपल सदस्य ने अपनी सेल्फी डाली उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया एवं उपस्थित बच्चों को भी उपहार देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन, सचिव गौरव सुराणा द्वारा किया गया। पंकज लोढ़ा द्वारा कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की आप सभी के सहयोग से निश्चित ही वर्ष-पर्यंत अच्छे कार्यक्रम कर पाएंगे एवं स्वास्तिक ग्रुप निश्चित ही नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेखाला बावड़ी मे सहयोग के 5 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन

**सेखाला बावड़ी. शाबाश इंडिया**

भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेखाला बावड़ी मे सहयोग के 5 वर्ष पूर्ण होने पर क्रार्यक्रम का आयोजन। भारती एयरटेल फाउंडेशन द्वारा संचालित क्वालिटी सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत स्थानीय विद्यालय रा. उ. मा. वि. सेखाला बावडी, में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधार के साथ विद्यालय मे विभिन्न गतिविधियो मे सहयोग प्रदान किया गया है। विद्यार्थियों के रचनात्मक, सृजनात्मक कौशल विकास हेतु भारती एयरटेल फाउंडेशन के द्वारा विगत 5 वर्षो मे विभिन्न गतिविधियाँ जैसे स्किल फेस्ट, इंटर्नशिप, ऑनलाइन प्रतियोगिता, ऑनलाइन पंजीयन, क्विज, निबंध, कहानी लेखन, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई थी। स्थानीय विद्यालय के स्कूल डेवलपमेंट प्लान में बालिका शौचालय की मरम्मत का कार्य एवं विद्यालय प्रागण के सुधार हेतु सहायता प्रदान की गई। विद्यालय की लाइब्रेरी की पुस्तको, खो-खो ग्राउंड एवं खेलकुद सामग्री में वित्तीय सहायता प्रदान किया गया। आज के क्रार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दलाराम बोस उइएड सेखाला, प्रधानाचार्य डा. महेश चन्द्र शर्मा (महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सेखाला), पी. ई. ई.ओ. विनोद शर्मा एवं विद्यालय के शिक्षक, सरपंच सेखाला बावड़ी नारायण प्रजापति एवं अन्य गणमान्य अभिभावको की उपस्थिति मे सफलतापुर्वक सम्पन्न हुआ। दलाराम बोस ने इस क्रार्यक्रम को सराहा व यह भी आशा की आने वाले समय मे क्षेत्र के अन्य विद्यालयो मे भी यह क्रार्यक्रम प्रारम्भ हो। भारती एयरटेल फाउडेशन की तरफ से सुदीप कुलश्रेष्ठ एवं विवेक चतुर्वेदी - क्रार्यक्रम समन्वयक ने मोमेन्टो व सस्टेनेबल किट विद्यालय परिवार को उपलब्ध करवाई जिससे की आने वाले वर्षो मे सभी गतिविधिया सुचारु रुप से क्रियान्वित रहे।



# जैन मंदिर गायत्री नगर का वार्षिकोत्सव संपन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री दिगंबर जैन मंदिर महारानी फार्म, गयात्री नगर जयपुर का वार्षिकोत्सव विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ परम पूज्य श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न गुरु मां विज्ञा श्री माताजी ससंघ सानिध्य में संपन्न हुआ। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की प्रातः नित्य अभिषेक व शांति धारा के पश्चात निर्मल - अनिल- प्रवीण- समीक्षा गदिया बयाना वाले परिवार द्वारा ध्वजारोहण कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। सोधर्म इंद्र राजेंद्र लाला- अनीता गोदिका परिवार ने प्रथम अभिषेक, शांति धारा की। तत्पश्चात धर्म प्रभावक यथार्थ भरत सोगानी विशाल रथ यात्रा का धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे, विशाल रथ यात्रा में यदि - कैलाश छाबड़ा सारथी के रूप में, श्रावक श्रेष्ठी प्रकाश बाकलीवाल,चॅवर ढुलाने का सौभाग्य विद्या प्रताप किला व प्रकाश बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ। रथ यात्रा में बग्गी में बैठकर शिखर स्थित जिनबिम्बों के अभिषेक कर्ता आलोक अरूण शाह, संजय अनंत ठोलिया , अशोक मनीष, नवीन बडजात्या, सारसमल ,पदम चन्द, अतिशय झांझरी परिवार चल रहे थे। सहयोग कर्ता निर्मला देवी सोगानी परिवार, ओमप्रकाश छाबड़ा परिवार ,अशोक गंगवाल परिवार थे। विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होकर मंदिरजी में पहुंची। मंदिर जी में पहुंचने के पश्चात मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, मंत्री राजेश बोहरा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, संयुक्त मंत्री मुकेश सोगानी, कोषाध्यक्ष राकेश छावड़ा ,संतोष गंगवाल पदम झांझरी, सुनील सोगानी ,गजेंद्र छाबडा आदि पदाधिकारियों ने सभी पात्रों का सम्मान किया। अध्यक्ष कैलाश छाबडा ने बताया कि प्रातः शोभा यात्रा के पश्चात परम पूज्यगणिनी आर्यिका रत्न विज्ञा श्री माताजी ने शिखर स्थित चतुर्दिक जिन बिम्बों की पूजन, अभिषेक व शांति धारा कराई। तत्पश्चात अपने मंगल प्रवचन में कहा कि वार्षिकोत्सव मंदिर का जन्मदिन है ,आप सभी ने उत्साह के साथ मनाया , इसी प्रकार प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाना चाहिए , उन्होंने गुनसी तीर्थ के बारे में विस्तार से बताया एवं सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। सभी मांगलिक क्रियाएं पं अमित शास्त्री जयपुर द्वारा कराई गई, धर्म सभा का व समस्त कार्यक्रमों का कुशल संचालक अरुण शाह द्वारा किया गया। सांयकाल सोधर्म इंद्र परिवार के यहां से आरती बैंड बाजों के साथ मंदिर जी में आई, आरती व भक्ति संध्या का कार्यक्रम नवीन कुमार संगीतकार हर्ष म्यूजिकल ग्रुप जयपुर द्वारा कराया गया।

# मानव साधन के पास और साधना से दूर : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**जयपूर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, गायत्री नगर - ए , महारानी फार्म , जयपुर में विराजमान है। भक्तों ने प्रातःकालीन श्री जिनसहस्रनाम महार्चना करने का लाभ प्राप्त किया। तत्पश्चात अभिषेक, शांतिधारा करने हेतु बढ़- चढ़कर भाग लिया। प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को विज्ञा वाणी का उपदेश देते हुए माताजी ने कहा कि- इस मनुष्य ने अपने जीवन में क्या पाया है। घर, परिवार, दुकान, धन, साधन को तो पा लिया। पर ज्ञान, सहनशीलता और गुणों से विमुख हो गया। मनुष्य जन्म तो गुणों को पाने के लिए मिला है, गमाने के लिए नहीं। विज्ञान के साधनों का उपयोग कर मानव साधना से दूर होता जा रहा है। गुरुभक्त गुमानमल टोंग्या सपरिवार ने पूज्य गुरुमां का मंगल आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त किया। रेणु अभिषेक बडजात्या सपरिवार ने गुरुमाँ की निर्दोष आहारचर्या कराकर अक्षय पुण्य का संचय किया सभी साधर्मी बंधुओं ने स्वाध्याय, गुरुभक्ति, आनंद यात्रा एवं आरती आदि शुभ क्रियाओं में सम्मिलित होकर धर्मलाभ लिया।

# "झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो" गरिमा प्रोजेक्ट के तहत सैनेटरी नैपकीन वितरण



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल संस्था कुचामन सिटी द्वारा राष्ट्रीय गरिमा प्रोजेक्ट के तहत झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ों खुलकर बालों माहवारी (मासिक धर्म) स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत संस्था द्वारा सोनी देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन में प्रधानाचार्य लक्ष्मण शर्मा , अध्यापिका शारदा लोरा, मंजुला जाखड़ ,कमला चौधरी, शबनम द्वारा बालिकाओं को माहवारी नहीं है कोई संकट, माहवारी नहीं है कोई बीमारी, माहवारी महिला के सेहत का लक्षण, माहवारी की सही जानकारी माहवारी में सावधानियों व सेनैटरी नेपकीन उपयोग व नष्ट करने बारे पावन संदेश देकर 100 सेनेटरी नैपकिन वितरण किए। अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल ने संस्था के उद्देश्य सबको प्यार सबकी सेवा कार्य किए जि रहो पर प्रकाश डालकर जानकारी अवगत कराई। कार्यक्रम में गवर्निंग काउंसिल मेम्बर वीर सुभाष पहाड़िया, सचिव वीर अजीत पहाड़िया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर सम्पत बगड़िया, वीर सुभाष गंगवाल वीर तेजकुमार बड़जात्या ने सहयोग किया।

# शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना को दूसरी बार मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शक्ति फिल्म प्रोडक्शन द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को ''स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुरस्कार 2024'' से वर्चुअल ऑनलाइन आयोजित समारोह के तहत सम्मानित किया गया। इस क्रम में राजस्थानी व हिंदी भाषा की साहित्यकार डॉ.कांता मीना को भी शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.मीना की दो पुस्तकें काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा व अनेक शोध पत्र प्रकाशित हों चुके है। व लगातार लेखन कार्य जारी है। इस सम्मान समारोह के लिए देशभर से सैकड़ों की तादाद में प्रविष्ठियां ऑनलाइन प्राप्त हुई , जूरीज द्वारा उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य के आधार पर प्राप्त प्रविष्ठियों में से 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। ये जानकारी शक्ति फिल्म प्रोडक्शन फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने दी। डॉ.मीना शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यूथ आइकॉन अवार्ड,समाज गौरव सम्मान,कोरोना योद्धा सम्मान,मानव सेवा योद्धा सम्मान,नगर निगम बीकानेर,स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय सम्मान,महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान,अखिल आदिवासी मीणा महासभा सहित अनेक संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं।

# श्याम कीर्तन में जन-जागृति अभियान को लेकर घायलों का वीडियो न बनाकर समय से अस्पताल पहुंचाने की दिलवाई गई शपथ

## कवि हरीश शर्मा व भजन गायक एसपी वर्मा ने सभी श्याम प्रेमियों को दिलवाई शपथ



**लक्ष्मणगढ़, सीकर. शाबाश इंडिया।** कस्बे में स्थित बेड़िया भवन में झुरिया परिवार द्वारा श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक एसपी वर्मा रतनगढ़ ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों से बाबा श्याम को रिझाते हुए भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह कार्यक्रम बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान के सह-संस्थापक आकाश झुरिया के माता-पिता की 25वीं शादी सालगिरह के उपलक्ष पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर भजन गायक एसपी वर्मा व अभियान के संस्थापक कवि हरीश शर्मा ने बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान व शेखावाटी संकल्प परिवार के ''जन जागृति अभियान'' दुर्घटना में घायल लोगों का वीडियो न बनाकर तत्काल उसे अस्पताल पहुँचाना होगा के तहत सभी श्याम प्रेमियों व झुरिया परिवार के सभी परिवार सदस्यों को शपथ दिलवाई गई। भजन गायक वर्मा ने कहा कि यह एक ऐसा सामाजिक मुद्दा कवि शर्मा के द्वारा उठाया गया है कि लोग सोच भी नहीं सकते या सिर्फ सोचते ही रह जाते हैं। गायक ने आगे कहा कि मैं जहाँ भी जाऊंगा हर स्टेज से इस अभियान की जानकारी सार्वजनिक करूँगा और लोगों को इसके लिए प्रेरित करता रहूंगा। इस अवसर पर झुरिया परिवार के समस्त सदस्य सहित श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।






**प्रसिद्ध लेखिका**

# पूजा गुप्ता

निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश

## को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु: दुर्गेश नंदिनी नामदेव, रीमा सिन्हा, संतोषी नामदेव, शोभा श्रीवास्तव, मीना भास्कर, रुक्मणी गुप्ता

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com